

अगस्त–2018

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य


आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

### आरक्षी, नागरिक पुलिस व पीएसी के प्रशिक्षण का शुभारम्भ




दिनांक 25.07.2018 : मा. मुख्यमंत्री उ.प्र. ने पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ में पुलिस प्रशिक्षण हेतु ''वर्चुअल क्लास रूम'' द्वारा रिक्रूट आरक्षी, नागरिक पुलिस व पीएसी के आधारभूत प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। वर्चुअल क्लास रूम के द्वारा 29 केन्द्रों पर एक साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त अवसर पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. श्री गोपाल गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सहायक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण का समापन

दिनांक 09.07.2018 : मा. मुख्यमंत्री उ.प्र. ने डॉ. बी. आर. अम्बेडकर उ.प्र. पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में 231 प्रशिक्षु (186 पुरूष एवं 45 महिला) सहायक अभियोजन अधिकारियों के 03 माह के आधारभूत प्रशिक्षण का समापन किया। मा. मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षुओं को कर्तव्य बोध कराते हुए व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर कार्य करने की प्रेरणा दी।





कार्यक्रम में मा. कैबिनेट मंत्री, श्री चेतन चौहान, मा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री भूपेन्द्र सिंह, मा. राज्यमंत्री, श्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव, गृह, श्री अरविन्द कुमार, पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, श्री गोपाल गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, अभियोजन, श्री सुजानवीर सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक / निदेशक, उ.प्र. पुलिस अकादमी, श्री एस.के. गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

### एम.ओ.यू.

दिनांक 06.07.2018 : उ.प्र. पुलिस एवं Advanced Data Processing Research Institute, ISRO के मध्य ''क्राइम मैपिंग एनालिटिक्स एण्ड प्रेडिक्टिव सिस्टम'' हेतु 03 वर्षीय एम.ओ.यू. सम्पन्न हुआ। उ.प्र. पुलिस की ओर से श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं इसरो की ओर से श्री वी.रघु वेंकटरमण, निदेशक (एडरिन), इसरो ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये।

इसरो यू.पी. 100 एवं सीसीटीएनएस के डेटा का साफ्टवेयर एनालिटिक्स कर अपराधिक घटनाओं की मैपिंग, विजुअलाईज़ेशन, क्वेरी एवं रिपोर्टिंग की सुविधा पुलिस को उपलब्ध करायेगा। इससे अपराध, अपराधी एवं पीड़ित पक्ष के प्रोफाइल का भी विश्लेषण सम्भव होगा तथा उ.प्र. में प्रेडिक्टिव पुलिसिंग की जा सकेगी।







## जन कल्याण सेवाएँ

● दिनांक 22.07.2018 : श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा, उ.प्र. पुलिस परिवार कल्याण एसोसिएशन ने थाना गोमतीनगर में महिला सम्मान कक्ष का उद्घाटन किया।



● दिनांक 10.07.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने महिला सम्मान प्रकोष्ठ व वीमेन पावर लाइन (1090) द्वारा तैयार किशोर न्याय अधिनियम–2015 व पॉक्सो अधिनियम–2012 पर आधारित एस.ओ.पी. का विमोचन किया।



● दिनांक 19.07.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने गोमती नदी में कूदने एवं डूबने वाले व्यक्तियों की प्राण रक्षा में लगे 13 गोताखोरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके साहसिक एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों को देखते हुए जनपद लखनऊ का विशेष पुलिस अधिकारी घोषित किया।



## सराहनीय कार्य

● दिनांकः 24.07.2018 : केन्द्र सरकार की योजना 'Digital India' का Logo तथा मा. प्रधानमंत्री के Video Message का दुरूपयोग करके फर्जी वेबसाइट बना कर धोखाधड़ी करने वाले गैंग का एक अभियुक्त गिरफ्तार।

● दिनांक 21.07.2018 : पानीपत, हरियाणा से ढाई वर्षीय बच्चे का अपहरण दिनांक 20.07.2018 को हुआ। सहारनपुर पुलिस द्वारा शामली सहारनपुर रोड स्थित ग्राम चौरा मोड पर एक संदिग्ध वाहन को रोका तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने बल प्रयोग कर 02 बदमाशों को गिरफ्तार कर अपहृत बालक को मुक्त कराया।

● दिनांक 18.07.2018 : फर्जी मार्कशीट, डिग्री, डिप्लोमा व अन्य प्रमाण पत्र बनाने वाले 05 अभियुक्त गाज़ियाबाद से गिरफ्तार।

● दिनांक 17.07.2018 : फिरोज़ाबाद में एन–2 पर कैन्टर को चेक करते समय कैन्टर सवार लोग आरक्षी रवि कुमार को अपने साथ लेकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर 05 बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर उक्त आरक्षी को सकुशल मुक्त कराया।

● दिनांक 11.07.2018 : थाना मुगलसराय पर वीरू रावत की सूचना, कि दिनांक 10/11.07.2018 को उनके पुत्र राहुल उम्र 18 वर्ष का अपहरण कर रु. 50 लाख फिरौती माँगी गयी है, पर पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करायी। एक चार पहिया गाड़ी को रोकने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार 04 बदमाशों की निशानदेही पर अपहृत राहुल को मुक्त कराया।

● दिनांक 03.07.2018 : लखनऊ के 1090 चौराहे पर पराग बूथ के पास पार्क में एक बालक रितिक (उम्र करीब 08 वर्ष) का शव मिला। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने दिनांक 04.07.2018 को मृतक के निवास पर परिजनों से मुलाकात कर घटना की स्वयं जानकारी ली और घटना का अनावरण कराया।



## उपलब्धि

दिनांक 01.01.2018 से 15.07.2018 की अवधि के निम्न आपराधिक आँकड़े पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के समक्ष प्रस्तुत किये गये–

| क्र. | अपराध शीर्षक | 2018 | 2017 | 2016 | 2017 के सापेक्ष 2018 के अपराधों में कमी/वृद्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डकैती | 87 | 138 | 133 | -36.96% |
| 2 | लूट | 1839 | 2271 | 2114 | -19.02% |
| 3 | हत्या | 2339 | 2363 | 2579 | -1.02% |
| 4 | बलवा | 4705 | 5056 | 4213 | -6.94% |
| 5 | गृहभेदन | 4330 | 4968 | 3651 | -12.84% |
| 6 | रोड होल्ड अप | 0 | 0 | 1 | 0.00% |
| 7 | फिरौती के लिये अपराध | 21 | 23 | 30 | -8.70% |
| 8 | बलात्कार | 2236 | 2402 | 1891 | -6.91% |

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

दिनांक 24.07.2018 : पश्चिम बंगाल पुलिस, गौतमबुद्धनगर पुलिस एवं ए.टी.एस. ने जमात – उल –मुजाहिद्दीन बांग्लादेश के 02 सदस्य गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किये।

### एस.टी.एफ.

#### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रू.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,00,000.00 | 25.07.18 | लखनऊ | 01 |
| 50,000.00 | 19.07.18 | इलाहाबाद | 01 |
| 15,000.00 | 01.07.18 | आगरा | 01 |
| 10,000.00 | 19.07.18 | गोरखपुर | 02 |

● दिनांक 29.07.2018 : सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) की परीक्षा में सॉल्वर बैठाने वाले गिरोहों के 51 सदस्य गिरफ्तार।

● दिनांक 27.07.2018 : राजकीय मेडिकल कालेजों में एम.बी.बी.एस. के प्रवेश हेतु जालसाजी कर अभ्यार्थियों से धन वसूली करने वाले गिरोह के 02 सदस्य गिरफ्तार।

● दिनांक 25.07.2018 : वाणिज्य कर, रेलवे, सचिवालय व अन्य विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के 07 सदस्य गिरफ्तार।

● दिनांक 25.07.2018 : बांग्लादेश की राजधानी ढाका में अवैध कछुआ व्यापार की तीन दिवसीय वर्किंग ग्रुप मीटिंग में उ.प्र.पु. के श्री अरविन्द चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रस्तुतीकरण किया। आयोजन इण्टरपोल इन्वार्यमेण्टल क्राइम एस–ई एशिया डिवीज़न, सिंगापुर पुलिस, वन एवं कस्टम विभाग ने कराया था। भारत के अलावा मलेशिया, थाईलैण्ड और बांग्लादेश के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

● दिनांक 24.07.2018 : बेसिक शिक्षा विभाग, मथुरा में शिक्षक भर्ती की अनियमितताओं का अभियुक्त गिरफ्तार। ई–ग्राम डिज़िटल की फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी करने वाला मास्टर माइण्ड गिरफ्तार।

● दिनांक 20.07.2018 : Just Dial पर ग्राहकों से धोखाधड़ी करने वाले गैंग का पर्दाफाश।

● दिनांक 18.07.2018 : वैल्यू प्लस स्टोर के विभिन्न शोरूमों से करोड़ों रूपये की फर्जी बिक्री दिखाकर धोखाधड़ी करके PayTM से ग्राहकों को मिलने वाले लाखों रुपये के कैश बैंक को प्राप्त करने वाले PayTM के अस्थाई कर्मी सहित 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार।

● दिनांक 04.07.2018 : उ.प्र., उड़ीसा व देश के अन्य राज्यों में मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त 02 तस्कर चन्दौली से गिरफ्तार।

● दिनांक 02.07.2018 : विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर साक्षात्कार कर ठगी करने वाले 08 ठग गोरखपुर से गिरफ्तार।

अगस्त–2018 www.uppolice.gov.in
न्यूज़ लेटर
मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम(रू.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,00,000.00 | 14.07.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 50,000.00 | 27.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 16.07.18 | फर्रुखाबाद | 01 |
| | 14.07.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 07.07.18 | बाराबंकी | 02(मृत्यु) |
| | 05.07.18 | इलाहाबाद | 01(मृत्यु) |
| 35,000.00 | 20.07.18 | मुरादाबाद | 01 |
| 25,000.00 | 30.07.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 28.07.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 28.07.18 | चन्दौली | 01 |
| | 25.07.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 25.07.18 | आजमगढ़ | 01 |
| | 24.07.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 20.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 20.07.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 19.07.18 | ललितपुर | 01 |
| | 19.07.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 17.07.18 | कन्नौज | 01 |
| | 17.07.18 | एटा | 02 |
| | 17.07.18 | मीरजापुर | 01 |
| | 17.07.18 | लखीमपुर खीरी | 01 |
| | 14.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 14.07.18 | फिरोज़ाबाद | 01 |
| | 12.07.18 | सहारनपुर | 01 |
| | 10.07.18 | अमरोहा | 01 |
| | 09.07.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 08.07.18 | अमरोहा | 01 |
| | 07.07.18 | अलीगढ़ | 03 |
| | 06.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 06.07.18 | शाहजहाँपुर | 01 |
| | 06.07.18 | मथुरा | 01 |
| | 05.07.18 | चन्दौली | 01 |
| | 04.07.18 | मथुरा | 01 |
| | 04.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| 20,000.00 | 30.07.18 | मथुरा | 01 |
| | 30.07.18 | बरेली | 01 |
| | 27.07.18 | अलीगढ़ | 01 |
| | 27.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| 15,000.00 | 25.07.18 | फिरोज़ाबाद | 01 |
| | 14.07.18 | रायबरेली | 01 |
| | 13.07.18 | रामपुर | 01 |
| | 10.07.18 | आगरा | 01 |
| | 05.07.18 | चन्दौली | 01 |
| | 04.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 03.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 02.07.18 | बुलन्दशहर | 03 |
| | 01.07.18 | खीरी | 01 |
| 12,000,00 | 12.07.18 | कासगंज | 01 |
| | 25.07.18 | मेरठ | 01 |
| | 24.07.18 | लखनऊ | 01 |
| 10,000.00 | 24.07.18 | चन्दौली | 02 |
| | 23.07.18 | फिरोज़ाबाद | 01 |
| | 14.07.18 | कानपुर नगर | 01 |
| | 13.07.18 | बिजनौर | 02 |
| | 04.07.18 | बिजनौर | 01 |
| | 01.07.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| 5,000.00 | 16.07.18 | बिजनौर | 01 |
| 2,500.00 | 08.07.18 | बाराबंकी | 02 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद बरेली, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फर्रूखाबाद, अमरोहा, मेरठ, फिरोज़ाबाद, मथुरा, कानपुर नगर, औरैया, कौशाम्बी, एटा, बुलन्दशहर, शामली, चंदौली, ललितपुर, चित्रकूट, रायबरेली, संतकबीरनगर, हाथरस, गोण्डा, सम्भल, अलीगढ़, कासगंज, कन्नौज, मुरादाबाद, फतेहपुर, लखनऊ, बस्ती, आगरा, सहारनपुर, मैनपुरी इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान एवं आग्नेयास्त्रों की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

## कल्याणकारी कार्य

दिनांक 26.07.2018 : पुलिस रेडियो मुख्यालय पर राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों के यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा–2018 में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले 15 मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, डॉ. दिनेश शर्मा, मा. उप मुख्यमंत्री, श्री राम लाल, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव (संगठन), श्री ओ.पी सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., श्री राम गोपाल गुप्त, सेवानिवृत्त निदेशक, पुलिस दूरसंचार एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष, श्री पी.के. तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार इत्यादि उपस्थित रहे।



- मेरठ में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा, उ.प्र. पुलिस परिवार कल्याण एसोसिएशन ने पुलिस कर्मियों की पत्नियों के कल्याणार्थ पुस्तिका का विमोचन, मेडिकल कैम्प एवं नवनिर्मित कैन्टीन का उद्घाटन किया। हाई स्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में उच्च स्थान व प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल पुलिस परिवार के मेघावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/एडीजी ज़ोन, आईजी/डीआईजी रेन्ज, समस्त एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र संख्या–42/2018 दिनांक 29.07.2018 द्वारा आपराधिक कृत्यों में कतिपय पुलिस कर्मियों के संलिप्त होने के सम्बन्ध में निगरानी एवं कार्यवाही किये जाने के निर्देश,

2) परिपत्र संख्याः डीजी–41/2018 दिनांक 26.07.2018 द्वारा भीड़ द्वारा कारित हिंसा एवं हत्या किये जाने की घटनाओं की रोकथाम के सम्बन्ध में निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र संख्या–40/2018 दिनांक 21.07.2018 द्वारा गिरोहों का पंजीकरण एवं उनके विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश,

4) परिपत्र संख्याः डीजी–39/2018 दिनांक 21.07.2018 द्वारा पुलिस विभाग के सभी परिसरों एवं कार्यालयों को प्लास्टिक एवं पॉलीथिन मुक्त बनाने हेतु निर्दिष्ट कार्यवाही किये जाने के निर्देश,

5) डीजी–परिपत्र संख्या–38/2018 दिनांक 13.07.2018 द्वारा वाट्सएप (Whatsapp) पर अफवाहों को रोकने के लिये थाना स्तर पर डिजि़टल वॉलेन्टियर्स बनाने हेतु निर्देश,

6) परिपत्र संख्याः डीजी–37 दिनांक 09.07.2018 द्वारा पुलिस कर्मियों को साफ–सुथरी, चुस्त–दुरूस्त एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु व्यापक दिशा–निर्देश,

7) डीजी–परिपत्र संख्या–36/2018 दिनांक 06.07.2018 द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्गों पर मदिरा के विक्रय को प्रतिबन्धित किये जाने के सम्बन्ध में मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन हेतु निर्देश एवं

8) डीजी–परिपत्र संख्या–35/2018 दिनांक 05.07.2018 द्वारा बलात्कार के अपराधों के विरुद्ध प्रभावी गतिरोध प्रदान करने हेतु विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रख्यापित आपराधिक विधि (संशोधन) अध्यादेश 2018 का कड़ाई से अनुपालन हेतु निर्देश।

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने जुलाई 2018 में निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1. विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देश,
2. एन्टी रोमियो स्क्वाड की प्रभावशीलता बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश,
3. पत्र संख्याः डीजी–16 (एसएमसी)/2018 दिनांक 12.07.2018 द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों को उ.प्र. पुलिस के अधिकारिक फेसबुक पेज@uppolice को Follow एवं Like करने / महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करने तथा यू–ट्यूब चैनल को Subscribe करने विषयक निर्देश,
4. उ.प्र. पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याः सम्पूर्ति–दो–16–2017 दिनांक 09.07.2018

द्वारा उ.प्र. पुलिस कार्मियों की खाकी वर्दी के शेड (रंग का दर्जा) के तकनीकी मानक (PANTONE NO. 16-1315 TCX) का कड़ाई से अनुपालन हेतु निर्देश,




5. दिनांक 05.07.2018 : लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में बाहरी लड़कों/अराजकता फैलाने वाले तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं उ.प्र. मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट–2013 के अनुसार अस्पतालों एवं चिकित्सकों को समुचित सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु निर्देश एवं

6. दिनांक 04.07.2018 : मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश।

## कॉवड़ यात्रा सुरक्षा-व्यवस्था हेतु निर्देश

दिनांक 20.07.2018 : प्रमुख सचिव, गृह, उ.प्र. एवं पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.ने कॉवड़ यात्रा के दौरान प्रभावी एवं सुदृढ़ व्यवस्था बनाये रखने हेतु मेरठ एवं वाराणसी में समीक्षा/समन्वय बैठक कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये।




## गोष्ठियाँ/कॉन्फ्रेंस/सेमिनार

- दिनांक 23.07.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा उ.प्र. प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ में दिनांक 09.07.2018 से 31.08.2018 तक आयोजित भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के 17 एवं भारतीय वन सेवा 2015 बैच के 02 प्रशिक्षुओं को सम्बोधित किया।
- दिनांक 11.07.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की अध्यक्षता में आई.बी., इन्टेलीजेन्स, एस.टी.एफ., ए.टी.एस., एन.एस.जी. आदि के अधिकारियों के साथ कुम्भ मेला 2019 की सुरक्षा व्यवस्था हेतु समन्वय बैठक की गयी।



- दिनांक 05.07.2018 : यूपी 100 सभागार में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की पहल पर आई.आई.एम. के प्रोफेसर, डॉ. हिमांशु राय ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों हेतु Leadership and Motivation पर व्याख्यान दिया।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

- सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने व अवैध बिक्री रोकने सम्बन्धी अभियान में 71,432 सार्वजनिक स्थान चेक किये, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर 25,706 अभियोग पंजीकृत किये, 25,717 व्यक्तियों के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की तथा 50,181 लीटर शराब बरामद की।
- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के निर्देशन में जून 2018 से महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु प्रदेशव्यापी ऑपरेशन मुस्कान में दिनांक 18.06.2018 से 01.07.2018 तक 550 से अधिक बच्चे बरामद किये गये, ऑपरेशन आत्मरक्षा में 15,000 बच्चों को पुलिस ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण कराया व ऑपरेशन डेस्ट्राय में दिनांक 11.06.2018 से 01.07.2018 तक 29 अभियोग पंजीकृत करके 34 अपराधी जेल भेजे व भारी मात्रा में अश्लील साहित्य/लैपटॉप बरामद किये।

## विविध

- दिनांक 24.07.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 'स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम' के प्रथम प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ ए.टी.एस. के कमाण्डो ट्रेनिंग सेण्टर में किया। ए.टी.एस. के अत्याधुनिक सभागार का उद्घाटन भी किया।



- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस कर्मियों के प्रोत्साहन हेतु प्रारम्भ की गयी 'Cop of the month' योजना के अन्तर्गत 75 जनपदों में विगत 06 माह में चयनित 'Cop of the month' में से एक–एक सर्वश्रेष्ठ आरक्षी के साथ दिनांक 22.07.2018 को मध्यान्ह भोज कर नयी परम्परा शुरू की। आमंत्रित कर्मियों की समस्याओं के समाधान के आदेश भी दिये।



## प्रतिभाओं का सम्मान

दिनांक 12.07.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने आदिवासी तीरंदाजी प्रतियोगिता के तीन विजेता तीरंदाजों प्रथम–दादुलाल खरवार, सोनभद्र, द्वितीय–जगमन खरवार, सोनभद्र व तृतीय–नन्द लाल खरवार, सोनभद्र को सम्मानित किया। तीरंदाजी प्रतियोगिता 'सोन आदिवासी शिल्पकला ग्रामोद्योग समिति' के तत्वावधान में जनपद सोनभद्र के थाना अनपरा क्षेत्र में दिनांक 10.06.2018 को सम्पन्न हुई जिसमें 100 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने संस्था की 'स्मारिका' का विमोचन संस्था के अध्यक्ष, श्री जगदीश साहनी एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में किया।



## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

- दिनांक 03.07.2018 : मेरठ भ्रमण, ट्रैफिक कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण, एलईडी स्क्रीनयुक्त ई–रिक्शा का उद्घाटन, जोनल कार्यालय में सभागार का उद्घाटन, कॉवड़ यात्रा बैठक, समीक्षा बैठक व कार्य सुधार हेतु निर्देश दिये गये। थाना सदर बाजार, मेरठ में स्मारिका का विमोचन तथा 1857 की क्रान्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अमर शहीद धन सिंह कोतवाल की प्रतिमा का अनावरण किया।



निर्देशन : श्री दीपक रतन, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के सहायक। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री राहुल श्रीवास्तव, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500